फर्द अहकाम

अज अदालत **उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा**

हरिमोहन बनाम राज0 सरकार

किस्म मुकदमा–प्रा0पत्र 136 एल0आर0ए0 मु0नं0– 72/2025

पीठासीन अधिकारी– डॉ0 नवनीत कुमार (आर0ए0एस0)

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नंबर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
03.02.2026	प्रार्थना पत्र आदेश 47, धारा 151 एवं 152 जा0दी0 पेश किए जाने पर पत्रावली तलब की गई। प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थीगण के ताउ रामचन्द्र का निवास स्थान गीजगढ रहा है लेकिन जमाबंदी में सा0देह बांदीकुई दर्ज है। पत्रावली में जारी निर्णय में प्रार्थीगण के सा0देह बांदीकुई के स्थान पर गीजगढ दर्ज करने के आदेश पारित कर दिए गए लेकिन खातेदार रामचन्द्र जो कि लाऔलाद फौत हो चुका है जिसके सा0देह गीजगढ दर्ज करने के आदेश जारी नहीं किए गए, जबकि उनका निवास स्थान गीजगढ ही रहा है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर खातेदार रामचन्द्र के राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में इन्द्राज में सा0देह बांदीकुई के स्थान पर गीजगढ दर्ज करने के आदेश तहसीलदार को दिए जाते है। तहसीलदार उपरोक्तानुसार पालना करें। पत्रावली दाखिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी सिकराय जिला दौसा	